बीकानेर थिएटर फेस्टिवल 7 मार्च से शुरू होगा

बीकानेर, (कासं)। इस साल का बीकानेर थिएटर फेस्टिवल अब पांच दिन की बजाय 6 दिन का आयोजित होगा। दर्शकों को और अधिक संख्या में नाटक देखने को मिले, इसके लिए अब बीकानेर थिएटर फेस्टिवल को एक दिन बढ़ाकर 7 से 12 मार्च तक आयोजित किया जायेगा।

नाटकों की बढी संख्या और दर्शकों के फेस्टिवल के प्रति असीम स्नेह को देखते हुए आयोजन समिति ने यह निर्णय लिया है। 7 मार्च की शाम को फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ देश के ख्यातनाम रंगकर्मियों की उपस्तिथि में हंशा गेस्ट हाउस में होगा। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि बीकानेर थिएटर फेस्टिवल में भाग लेने के लिए पूरे देश से चर्चित नाट्य दल मार्च के प्रथम सप्ताह में बीकानेर आने शुरू हो जायेंगे जिसके लिए तैयारियां की जा रही है।

फेस्टिवल में दिल्ली, मुंबई, शिमला, चंडीगढ़, लखनऊ, जबलपुर, बरेली, जयपुर, भीलवाड़ा, जोधपुर जैसे शहरों के लगभग पांच सौ कलाकार बीकानेर में एकत्रित होंगे और फेस्टिवल का हिस्सा बनेंगे। फेस्टिवल के दौरान शहर के टाउन हॉल, रविन्द्र रंगमंच, टी. एम. ऑडिटोरियम और हंशा गेस्ट हाउस में दिन भर अलग-अलग समय पर नाटकों का मंचन होगा।

एक समय में एक ही नाटक का मंचन होगा ताकि दर्शकों को सभी नाटक देखने का मौका मिले। सभी नाटकों में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क होगा। नाट्य मंचन के साथ फेस्टिवल में देश के विख्यात रंगकर्मी प्रतिदिन रंगकर्म के विषयों पर युवा रंगकर्मियों के साथ मास्टर क्लास करेंगे।

रेल फाटकों की समस्या को लेकर कांग्रेसजनों का कोटगेट पर धरना

- **कलेक्टर को ज्ञापन देकर दिया 15 दिन का समय, काम चालू नहीं होने पर जन आंदोलन का निर्णय लिया**
- **स्वीकृत 36 करोड़ रूपये के कार्य भाजपा सरकार के 14 माह में भी चालू ना होने के विरोध में धरना**

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर की महती समस्या कोटगेट और सांखला रेल फाटक की समस्या के समाधान के तहत राजस्थान की पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा स्वीकृत 36 करोड़ रूपये के कार्य भाजपा सरकार के 14 माह में भी चालू ना होने के विरोध में बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में कोटगेट पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक धरना दिया गया

संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि धरने में बड़ी संख्या में वरिष्ठ और युवा कांग्रेसजन मौजूद रहे जिन्होंने भाजपा सरकार और स्थानीय भाजपा नेतृत्व को जमकर कोसा। रेल फाटकों की समस्या का समाधान करो, भारतीय जनता पार्टी मुर्दाबाद, मुख्यमंत्री मुर्दाबाद, अभी तो की अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है, बीकानेर का हक लेकर रहेंगे, आम जनता की पुकार, रेल फाटकों का हो समाधान सरीखे नारे लगाए। उसके बाद कांग्रेस के शिष्टमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर कार्य शीघ्र चालू करवाने का आग्रह किया

जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ी विचित्र स्थिति है। बीकानेर शहर को दो भागों में बांटने वाली रेल लाइन के समाधान के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा बजट स्वीकृत और कार्यादेश करने के बावजूद राज्य में भाजपा सरकार के कार्यकाल के 14 माह बीत जाने पर भी कार्य चालू नहीं हुआ।

बीकानेर की जनता आज भी रेल फाटक बंद होने के बाद जाम में फंसने को मजबूर है लेकिन कांग्रेस अब चुप नहीं बैठने वाली है। आज का धरना सांकेतिक है और आगाह किया कि बीकानेर की इस मूलभूत समस्या का समाधान शीघ्र हो जिला प्रशासन को हम 15 दिन का समय देते हैं। इसके बाद भी कार्य चालू न हुआ तो अगले महीने से जनांदोलन किया जायेगा। अगर चक्का जाम भी करना पड़ा तो कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी और जनता को इस समस्या से निजात दिलाने का कार्य करेगी। देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि बीकानेर के जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी अगर भाजपा सरकार ने कांग्रेस पार्टी द्वारा स्वीकृत जनकल्याण के कार्यों पर रोक लगाई तो उसका जवाब उसी भाषा में दिया जायेगा। प्रदेश महासचिव हाजी जिया उर रहमान आरिफ ने कहा कि भाजपा जब जब शासन में आई तब तब बीकानेर के कार्यों पर कैंची चलाई है। जिसमें रेल फाटकों की समस्या महत्वपूर्ण है। लेकिन इस बार कांग्रेस भाजपा को चैन से नहीं बैठने देंगे।

पूर्व न्यास अध्यक्ष मकसूद अहमद ने कहा कि अब समय आ गया है जब हम सभी को मिलकर इस निरंकुश शासन के खिलाफ लड़ना होगा। ये समस्या आम बीकानेर के नागरिकों की समस्या है। इसका निवारण पर भाजपा यूं टर्न नहीं ले सकती धरने का संचालन करते हुए पीसीसी सचिव साजिद सुलेमानी ने कहा कि आज बीकानेर की हक की लड़ाई का बिगुल बजा है भाजपा संभल जाए अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहे।

बायो एनर्जी गैस प्लांट को हटाने की मांग : सूरतगढ़, फोरलेन बाईपास पर निर्माणाधीन बायो एनर्जी गैस प्लांट को यहां से हटाने की मांग को लेकर सूरतगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के आव्हान पर प्लांट का घेराव किया गया।

संघर्ष समिति के संरक्षक और पूर्व पालिकाध्यक्ष परसराम भाटिया, विधायक डूंगरराम गेदर, पूर्व विधायक राजेंद्र भादू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक जैसे ही प्लांट की ओर बढे तो एहतियात के तौर पर डीएसपी प्रतीक मील, सिटी सीआई दिनेश सारण के नेतृत्व में पहले से तैनात तीन थानों के पुलिस जाप्ते और बीकानेर से पहुंची फोर्स ने प्लांट के आगे सुरक्षा कवच बनाते हुए लोगों को अंदर जाने से रोक दिया। ऐसे में आक्रोशित जनप्रतिनिधियों और लोगों ने प्लांट के मुख्य द्वार के आगे ही बैठते हुए धरना लगा दिया।

इस दौरान हुई सभा को अनेक जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि उनका विरोध केवल इस बात का है कि यह प्लांट शहर में ही लगाया जा रहा है। पास ही इलेक्ट्रीफाइड रेलवे ट्रैक है और तीन तरफ शहर की आबादी है। ऐसे लोग भविष्य को लेकर चिंतित है। उनकी मांग है कि इस प्लांट को आबादी क्षेत्र से दूर लगाया जाए। कई घंटे के धरने प्रदर्शन के बाद एसडीएम संदीप कुमार काकड़, तहसीलदार कुलदीप कस्वां, पालिका ईओ पूजा शर्मा भी मौके पर पहुंचे तथा प्लांट प्रबंधन और जनप्रतिनिधियों के मध्य वार्ता कराई।

आखिरकार दोपहर 3:30 बजे प्लांट अधिकारियों को 7 दिन में इसके दस्तावेज प्रस्तुत करने के आदेश देते हुए तब तक प्लांट का निर्माण कार्य बंद रखने के निर्देश देते हुए घेराव समाप्त करवाया। धरना, प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के पृथ्वीराज जाखड़, प्रदेश प्रवक्ता राधेश्याम उपाध्याय, किसान कांग्रेस के अमरसिंह गोदारा, कांग्रेस प्रदेश महासचिव गगन विडिंग, अमित कड़वासरा, जिला महासचिव भीम जोशी, जेपी गिला, कॉमरेड सखी मोहम्मद, एडवोकेट राकेश नायक, एडवोकेट बलराम कुकड़वाल, योगेश मेघवाल, कुदरा किराना विक्रेता संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार गाबा, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष घनश्याम आहूजा, जनरल मार्केट एसोसिएशन के ज्ञानचंद बजाज मौजूद थे।

हत्या के मामले में तीन को उम्रकैद

बीकानेर, (कासं)। पुरानी रंजिश को लेकर हुई हत्या के मामले में तीन युवकों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही तीनों पर एक-एक लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अपर सेशन न्यायालय ने इस मामले में सजा सुनाई है।

दरअसल शिवबाड़ी निवासी आकाश को घर से बुलाकर उसके दोस्तों ने हत्या कर दी थी। साल 2020 में छह अगस्त को शिवबाड़ी निवासी युवक आकाश को फोन कर घर से बुलाया गया था। आपसी रंजिश के एक राय होकर पहुंचे बदमाशों ने उस पर गुप्ती, चाकू नुमा धारदार हथियारों से हमला किया। वारदात के बाद चारों फरार हो गए। आकाश को पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया था। आकाश की मां परमेश्वरी देवी की ओर से सात अगस्त, 2020 को व्यास कॉलोनी पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के बाद शिवबाड़ी निवासी विजय कंडारा उर्फ बंटी, दीपक सियोता उर्फ बीकानेरी और बापू कॉलोनी निवासी गणेश तेजी को दोषी माना और तीनों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को एक लाख रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि जमा नहीं कराने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 26 गवाहों के बयान कराये गए। राज्य की ओर से एपीपी धर्मेन्द्र रंगा और परिवादी के वकील बजरंग छीपा ने पैरवी की। कोर्ट ने पीड़ित प्रतिकर स्कीम में मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की अनुशंषा की है।

सार-समाचार

27 ग्राम हेरोइन सहित चार गिरफ्तार

हनुमानगढ़, (कासं)। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन नशा तस्करों और एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 27.10 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में अमृता (30), साहबराम (34), सोनू सिंह (30) और पवन कुमार (26) शामिल हैं। एसपी अरशद अली के निर्देश पर पुलिस टीम ने डीएसटी की मदद से इस कार्रवाई को अंजाम दिया हैं। हनुमानगढ़ टाउन थानाधिकारी गजेंद्र शर्मा और उनकी टीम ने क्रेटा कार से तीन आरोपियों को पकड़ा। जांच में पता चला कि साहबराम और अमृता लिव-इन रिलेशनशिप में रहकर लम्बे समय से नशा तस्करी का नेटवर्क चला रहे थे। साहबराम के खिलाफ बीकानेर रेंज में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं और वह महाजन थाने में मारपीट के एक मामले में वांछित है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि हेरोइन की सप्लाई हरियाणा के मंडी आदमपुर से पवन कुमार करता था। डीएसटी की टीम ने पवन को गिरफ्तार कर हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस को सौंप दिया। पवन आदमपुर मंडी थाने में एक हत्या के मामले में वांछित चल रहा है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही पुलिस ने सिकलीगर मोहल्ला और बरकत कॉलोनी में छापेमारी कर 21 लोगों को गिरफ्तार किया था। उस दौरान अमृता फरार हो गई थी, जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

बैग से 2.30 लाख रूपए चोरी

सूरतगढ़, (कासं)। एचडीएफसी बैंक से 2 लाख 32 हजार रूपए निकलवा कर बाहर निकले एक किसान के बैग से रूपए चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित गांव देईदासपुरा के किसान सोहनलाल जाट ने पहले अपने स्तर पर इधर उधर तलाश की मगर कामयाबी नही मिलने पर सिटी थाने में घटना की सूचना दी। थाना के हेड कॉन्स्टेबल महावीर प्रसाद ने देर शाम बताया-सूचना पर वे बैंक पहुंचे और सीसीटीवी खंगाले तो उसमें किसान बैंक से रूपए लेकर बाहर निकलता हुआ दिखाई दिया। घटना का समय दोपहर 1 बजकर 19 मिनट रिकार्ड हुआ, पर किसान के आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर नहीं आ आया। हैड कांस्टेबल ने बताया कि किसान जहां गया, वहां तक भी उन्होंने तलाश की पर रुपए चोरी होने का फिलहाल सुराग नहीं मिला। घटना के शिकार किसान के बेटे हरविंदर बिरड़ा ने बताया-वह अपने पिता सोहनलाल जाट के साथ सूरतगढ़ में एचडीएफसी बैंक में केसीसी खाते से ट्यूबवैल लगवाने के लिए 2.32 लाख रूपए निकलवा कर राशि को प्लास्टिक थैली में लपेटकर थैले में रखे थे। बैंक के सामने चाय की दुकान पर चाय पीकर बाइक मरम्मत की दुकान पर पहुंचे। इसके बाद बाइक बाजार में लेकर कपड़े की दुकान पर आए। वहां पहुंचने पर थैले में किताबों के साथ बैंक से ही प्लास्टिक में अलग से रखी 2.30 लाख रुपए की नोटों की गड्डियां थैले से गायब मिली। थैले में से इतनी बड़ी राशि गायब होने पर पिता के साथ वापस उसी रास्ते से बाइक मरम्मत करने वाले मिस्त्री की दुकान व चाय वाले के पास पहुंचे, तो रुपयों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद पुलिस थाने पहुंच कर सूचना दी। हैड कांस्टेबल ने बताया कि किसान के बताए अनुसार बैंक व बताए रास्ते के सीसीटीवी फुटेज देखने पर घटना के कोई फुटेज नहीं मिले। किसान के बेटे ने घटना को लेकर सिटी थाने में प्रार्थना पत्र दिया है।

रंगाई फैक्ट्रियों के केमिकल युक्त पानी से हो रही सब्जियों की सिंचाई

- **फैक्ट्रियों से निकलने वाला केमिकल फिल्टर प्लांट में खत्म नहीं हो रहा है**

बीकानेर, (कासं)। शहर के सीवरेज फिल्टर प्लांट में केमिकल फिल्टर करने की क्षमता नहीं है। इस पानी का बड़ा हिस्सा सब्जियों की सिंचाई के काम आता है। नगर निगम ने पिछले दिनों ये पानी की जांच की तो चौंकाने वाली हकीकत सामने आई।

शहर में रंगाई-छपाई के लिए आवासीय क्षेत्र में करीब 250 छोटी-छोटी फैक्ट्रियां काम कर रही हैं। इनमें से ज्यादातर अवैध हैं। कपड़े रंगने में जो केमिकल इस्तेमाल होता है वो सीधे सीवरेज से होते हुए फिल्टर प्लांट तक जाता है। नगर निगम की जांच में ये भी सामने आया कि फिल्टर प्लांट में पानी साफ करने के लिए जो केमिकल इस्तेमाल किया जाता है वो रंगाई-छपाई करने वाले रसायनों पर निष्प्रभावी है। इसके बाद ही 8 नवम्बर 2024 को नगर निगम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ मिलकर चर्चा कर अवैध कारखानों को बंद कराने के लिए कहा था, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ।

शहर की घनी आबादी के बीच रंगाई-छपाई के लिए घरों में फैक्ट्रियां लगी हुई हैं। कायदे से इनका रजिस्ट्रेशन होना चाहिए लेकिन नहीं है। ऊपर से इन कामों में ऐसे हानिकारक केमिकल उपयोग में लाये जा रहे हैं जो नालियों और सीवरेज से होते हुए फिल्टर गंगाशहर और वल्लभ गार्डन प्लांट तक पहुंच रहे हैं। वहां फिल्टर करने के बाद पानी सब्जी और फसल उगाने के लिए किसानों को बेचा जाता है। ठेकेदार साफ पानी समझकर बेच रहा और किसान साफ पानी समझकर खरीद रहे हैं। लेकिन अभी तक किसी की नजर इस पर नहीं गई कि फैक्ट्रियों से निकलने वाला केमिकल फिल्टर प्लांट में खत्म नहीं हो रहा है।

गंदे पानी की सब्जियों पर चलेगा ट्रैक्टर : बीकानेर, छह महीने में चार बार टूटी वल्लभ गार्डन की पाल को अब नगर निगम जड़ से नेस्तनाबूत करने की तैयारी में हैं। क्योंकि ये अब निगम के लिए जी का जंजाल बन गई है। लोग रोज परेशान हो रहे हैं। इसलिए निगम अब पाल ठीक करने के साथ-साथ बुधवार से गंदे पानी से उगने वाली सब्जियों पर ट्रैक्टर चलायेगा। सोमवार शाम पाल टूटने से बजरंग विहार, मदन विहार, महाराजा कॉलोनी समेत कई आसपास की कॉलोनियां डूब गई। पूरी रात लोग सो नहीं सके।

सिद्धि कुमारी को अवमानना नोटिस

बीकानेर, (कासं)। जिला एवं सेशन न्यायालय ने पूर्व राज परिवार की संपत्ति मामले में विधायक सिद्धि कुमारी सहित चार लोगों को कोर्ट की अवमानना का नोटिस दिया है।

पूर्व राजपरिवार के संपत्ति विवाद में कोर्ट ने 21 नवम्बर को त्रिलोचन शर्मा को मौका कमिश्नर नियुक्त कर संपत्ति की पूरी सूची तैयार कर कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए थे। मौका कमिश्नर को लालगढ़ पैलेस स्थित शिव विलास में प्रवेश से रोका गया और सूची नहीं बनाने दी। मौका कमिश्नर ने कोर्ट में रिपोर्ट पेश की, जिसके बाद कोर्ट ने पुलिस के सहयोग से संपत्ति की सूची तैयार करने के लिए कहा। मौका कमिश्नर को अंदर तो जाने दिया गया लेकिन सभी कमरों को नहीं खोला जिससे संपत्ति की पूरी लिस्ट तैयार नहीं हो सकी। कोर्ट ने सिद्धि कुमारी, संजय शर्मा, मदनसिंह व अविनाश व्यास को नोटिस जारी किए हैं।

भाई ने फांसी लगाई, बहन ने कुंड में कूद जान दी

- **बहन के ससुराल में विवाद से परेशान भाई ने बीकानेर में अपने घर में फांसी लगाई और बहन ने गांव में कुंड में कूदकर जान दे दी**

बीकानेर,(कासं)। नोखा के जसरासर पुलिस थाना क्षेत्र के काकड़ा गांव निवासी भाई-बहन ने आत्महत्या कर ली। बहन के ससुराल में विवाद से परेशान भाई ने बीकानेर में अपने घर में फांसी लगाई और बहन ने गांव में कुंड में कूदकर जान दे दी।

कांकड़ा गांव निवासी बसंती बिश्नोई की अपने ससुराल वालों से अनबन चल रही थी और वह अपने पीहर में ही रहती थी। उसका भाई कैलाश बिश्नोई बीकानेर में बीछवाल स्थित रीको एरिया में अपने परिवार के साथ रहता था। दोनों भाई-बहन ने आत्महत्या कर ली। बसंती ने काकड़ा गांव में कुंड में कूदकर जान दी और कैलाश ने अपने घर में फांसी लगा ली।

बसंती के चाचा भंवरलाल बिश्नोई ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी वर्ष 2010 में विकास बिश्नोई के साथ हुई थी। आठ साल की एक बच्ची भी है। शादी के बाद से विकास दहेज के लिए बसंती को परेशान करता था। पिछले छह माह से बसंती पीहर में ही रह रही थी। पति से परेशान होकर उसने सुबह 5 बजे कुंड में कूदकर आत्महत्या कर ली। जसरासर थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज किया है। कैलाश के आत्महत्या करने पर बीछवाल पुलिस थाने में मर्ग दर्ज की गई है।

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर
(स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर)

क्रमांक :- स्थापना/सा .वि. न./2025/1208 दिनांक :- 12/02/2025

आवश्यकता/सूचना

कुलसचिव, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के पत्र क्रमांक: प.212/SKRAU/Estt/Gr I/2025/631 दिनांक 11.02.2025 के संदर्भ में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर स्नातक एवं स्नाकोत्तर के विद्यार्थियों को अकादमिक सत्र 2024 -25 के द्वितीय सेमेस्टर में विभिन्न विषय खाद्य एवं पोषण, संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान, मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन, परिधान एवं वस्त्र विज्ञान को पढ़ाने हेतु अथिति संकाय के रूप में योग्य शिक्षकों की अंशकालीन आवश्यकता है। इच्छुक योग्यताधारी अभ्यर्थी (स्नाकोत्तर के साथ NET अथवा Ph .D) या रिटायर्ड कॉलेज शिक्षक (70 वर्ष से कम आयु वाले) अपने बायोडाटा के साथ मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र और एक अतिरिक्त प्रतिलिपि सेट स्वः प्रमाणित साथ लेकर दिनांक 14.02.2025 को दोपहर 12.15 बजे अधिष्ठाता कार्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर में साक्षात्कार हेतु व्यक्तिशः उपस्थित होवे। अथिति संकाय शिक्षकों को विश्वविद्यालय नियमानुसार मानदेय देय होगा। चयन प्रकिया के समस्त अधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगें।

अधिष्ठाता
सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय,
बीकानेर- 334006

राज.संवाद/सी/24/11601

ऑयल से भरा टैंकर नहर में पलटा, तीन घायल

- **ड्राइवर को झपकी आने पर टैंक दीवार से टकराकर नहर में गिरा**

बीकानेर, (कासं)। पंजाब से बीकानेर आ रहा ऑयल से भरा टैंकर नहर में पलट गया। हादसे में टैंकर में सवार तीन जने घायल हो गए। टैंकर को नहर से निकालने की कोशिश चल रही है। हादसा देर रात लूणकरनसर में हंसेरा गांव के पास कंवरसेन लिफ्ट नहर में हुआ है।

हादसे में कैथल निवासी अनिल पुत्र रामेश्वर और पक्का कल्ला निवासी मनदीप पुत्र मेजर सिंह घायल हुए हैं। तीसरे घायल का नाम कमल है लेकिन उसके गांव का पता नहीं चल पाया। टैंकर बीकानेर के नाल में स्थित एयरफोर्स स्टेशन के लिए ऑयल पंजाब से बीकानेर आ रहा था। मंगलवार देर रात जब टैंकर नहर के ऊपर बनी पुलिया को पार कर रहा था। तब ट्रक बेकाबू होकर नहर में जा गिरा। पुलिया की दीवार को तोड़ते हुए टैंकर नहर में पलटा। टैंकर में ड्राइवर और उसके दो साथी थे। तीनों बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर में रैफर किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नहर की पुलिया काफी छोटी है, इसे डबल किया जाना चाहिए। हादसे का कारण पुलिया का छोटा होना है। ये भी बताया जा रहा है कि टैंकर चालक को झपकी आ गई, जिससे टैंकर दीवार से टकराकर नहर में जा गिरा।

रिश्तेदार ने किया नाबालिग का अपहरण

हनुमानगढ़,(कासं)। एक रिश्तेदार ने 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया। नोहर पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार घटना सोमवार दोपहर करीब 2 बजे की है।

पीडिता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी बैंक से पैसे निकालने के लिए नोहर गई थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। जांच में पता चला कि आरोपी परिवार का रिश्तेदार है, लड़की को जोरावरपुरा बस स्टैंड से अपनी कार में बहला-फुसलाकर ले गया। पिता ने आरोप लगाया कि आरोपी पहले से ही उनकी बेटी पर बुरी नजर रखता था। दो महीने पहले उसने घर आकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ भी की थी। रिश्तेदार होने के कारण उसका घर में आना-जाना था।

पराली से भरे ट्रक से 845 पेटी अवैध शराब बरामद

- **गिरफ्तार चालक पंजाब से अवैध शराब की यह खेप गुजरात ले जा रहा था**

हनुमानगढ़, (कासं)। पीलीबंगा पुलिस ने पराली से भरे ट्रक से 845 पेटी अवैध शराब बरामद कर ड्राइवर को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक अरशद अली के निर्देश पर चलाए जा रहे 'जीरो टोलरेंस अभियान' के तहत पीलीबंगा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अमृतसर-जामनगर भारतमाला रोड पर जाखड़ांवाली के पास से एक ट्रक में छिपाकर ले जाई जा रही अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस थाना पीलीबंगा के उप-निरीक्षक हरबंशलाल और उनकी टीम ने 11 फरवरी को गश्त के दौरान ट्रक को रोका। जांच में ट्रक में पराली के नीचे छिपाकर रखी गई पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब की 845 पेटियां बरामद हुई। इनमें रॉयल चैलेंज, रॉयल स्टैग, मैकडॉवल्स नंबर 1 और थंडरबोल्ट बीयर जैसे प्रमुख ब्रांड शामिल थे। अवैध शराब की बाजार कीमत करीब 75 लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस ने मौके से 21 वर्षीय विजेंद्र उर्फ विजय को गिरफ्तार किया है, जो बाड़मेर जिले के चौहटन थाना क्षेत्र के रामदेरिया इशरोल का रहने वाला है।

न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड
न्यूक्लियर पावर कारपोरशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम) (ए गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया एंटरप्राइज)
रावतभाटा राजस्थान साइट रावतभाटा राजस्थान साइट

चेतावनी सूचना

राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में/जयपुर बैंच
डीबी/एसबी सिविल रिट याचिका संख्या/ 2025

गिरफ्तार याचिकाकर्ता — एनपीसीआईएल का कोई भी व्यक्ति/कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी

बनाम

केवेटर/प्रस्तावित प्रतिवादी — न्यूक्लियर पावर कॉपारेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और अन्य

राजस्थान उच्च न्यायालय के नियम 159 के तहत कैविएट में प्रवेश के लिए आवेदन

माननीय सदस्यों, कृपया वह स्वीकार करें-

विनम्र आवेदक राजस्थान उच्च न्यायालय नियम के नियम 159 के तहत कैविएट दर्ज करना चाहता है और जब तक मामले में आवेदकों की सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक कुछ भी नहीं होने देना चाहता है। रिट याचिका का विवरण, जो दायर होने की संभावना है, नीचे दिया गया है-

रिट याचिका निम्नलिखित में से किसी भी व्यक्ति द्वारा दायर की जा सकती है एनपीसीआईएल का कोई भी व्यक्ति/कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी रिट याचिका संभवत निम्नलिखित के विरूद्ध दायर की गई है

1. न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटड, मुंबई।, 2. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), न्यूक्लियर, पावर कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल), मुबई।, 3. निदेशक (मानव संसाधन), एमपीसीआईएल,मुम्बई।, 4. साइट निदेशक, एनपीसीआइएल, रावतभाटा साइट, 5. एनपीसीआईएल के निदेशक मंडल

रिट याचिका एनपीसीआईएल के किसी भी व्यक्ति/कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी द्वारा एनपीसीआईएल परिभाषित अंशदान पेंशन योजना 2025 (स. एनपीसीआईएल/एचआरपी/45/1/18/2025/25, महाप्रबंधक (एचआरपी), एनपीसीआईएल, मुंबई द्वारा जारी) के अनुसरण में दायर किए जाने की संभावना है। एनपीसीआईएल परिभाषित अंशदान पेंशन योजना 2025 से संबंधित दायर की गई ऐसी किसी भी डीबी/एसबी सिविल रिट याचिका का हमारे द्वारा विरोध किया जाएगा।

जो याचिका दायर की जाएगी वह रिट याचिका होगी।

एनपीसीआईएल की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन), एनपीसीआईएल, रावतभाटा द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित बकालतनामा यहां प्रस्तुत किया गया है।

अतः विनम्र निवेदन है कि आवेदन की सुनवाई होने तक मामले में कुछ भी न किया जाए।

दिनांक-12.02.2025
जोधपुर/जयपुर

विनम्र आवेदक के माध्यम से
ललित परिहार (एडवोकेट)
मोबाइल नं. 9571176368

CBC 48157/12/0001/2425

दो बच्चों की मौत के बाद चिकित्सा विभाग की टीम ने नई खुंजा में सर्वे कर सैम्पल लिए

- **सम्पत नगर की ढाणी व नई खुंजा में बच्चों एवं अन्य लोगों के सिरम सैम्पल, कोविड सैम्पल एवं सीबीसी सैम्पल लिए**
- **सर्दी-बुखार के संभावित मरीजों के नजदीकी रहे लोगों के भी सैम्पल लिए**

हनुमानगढ़, (कासं)। चिकित्सा विभाग ने आज हनुमानगढ़ के निकटवर्ती गांव सम्पतनगर की ढ़ाणी एवं नई खुंजा में बच्चों एवं अन्य लोगों के सैम्पल एकत्रित किए। इस दौरान सर्दी-बुखार के संभावित मरीजों के नजदीकी रहे लोगों के भी सैम्पल लिए।

सम्पत नगर की ढाणी में चिकित्सकीय कार्यवाही के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा, डॉ. इन्द्रसेन झाझड़ा, डॉ. प्रदीप शर्मा, लैब टैक्नीशियन विपिन कुमार, लैब टैक्नीशियन रूपराम, एएनएम मीरा एवं दुर्गा उपस्थित थे। नई खुंजा में की गई कार्यवाही में हनुमानगढ़ बीसीएमओ डॉ. कुलदीप बराड़, डॉ. शुभम, लैब टैक्नीशियन पूर्ण सिंह, सीताराम, आशा मीरा ने बच्चों के सैम्पल एकत्रित किए।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि सम्पत नगर की ढाणी में हुई दो बच्चों की मृत्यु के संबंध में आज भी सैम्पलिंग की कार्यवाही की गई। इसके अलावा नई खुंजा में भी एक बच्चे की मृत्यु के बाद पीड़ित परिवार के नजदीकी रहे बच्चों एवं अन्य लोगों के भी सैम्पल संग्रहित किए गए। डॉ. शर्मा ने बताया कि धोलीपाल के डॉ. प्रदीप शर्मा व अन्य चिकित्साकर्मियों ने बुधवार को सम्पत नगर की ढाणी में बच्चों एवं अन्य लोगों के सिरम सैम्पल, कोविड सैम्पल एवं सीबीसी सैम्पल एकत्रित किए।

रैपिड रिस्पांस टीम ने सम्पत नगर की ढाणी क्षेत्र का सर्वे किया एवं ग्रामीणों से जानकारी ली। चिकित्साकर्मियों ने बच्चों के नजदीकी रहे लोगों को ट्रेस करते हुए स्कूल एवं ढाणी के 30 घरों का सर्वे किया जहां से 10 सीरम ब्लड एवं 10 लोगों के सीबीसी सैम्पल एकत्रित किए।

गुरूवार को बाकी बचे हुए घरों का भी सर्वे पूरा किया जायेगा। इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा में बच्चों की हिस्ट्री एवं उन्हें दिए गए उपचार के बारे में भी जानकारी ली गई। ग्रामीणों द्वारा पीड़ित परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध करवाने पर चिकित्सकों ने उन्हें आश्वासन दिया तथा कहा कि इसके लिए उच्च स्तर पर बातचीत की जा रही है। चिकित्साकर्मियों ने कहा कि ढाणी में बुखार से ग्रस्ति व्यक्ति की जानकारी नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा कंट्रोल रूम नं. 01552-261190 पर दें। डॉ. शर्मा ने बताया कि नई खुंजा की गली नं. 4 के एक बच्चे की मृत्यु के बाद उसके नजदीकी रहे बच्चों के भी सैम्पल संग्रहित किए गए।

हनुमानगढ़ बीसीएमओ डॉ. कुलदीप बराड़ ने गली नं. 4 के रह रहे लोगों को सर्दी एवं बुखार के रोगियों के बारे में जानकारी देने एवं आसपास स्वच्छता रखने के संबंध में जानकारी दी। डॉ. शर्मा ने बताया सम्पत नगर की ढाणी एवं नई खुंजा से एकत्रित सैम्पलों की रिपोर्ट एसएमएस हॉस्पीटल जयपुर भिजवा दी गई है।

डॉ. नवनीत शर्मा ने कहा कि सर्दी के दिनों में अलग-अलग वायरस संक्रमण का कारण बनते हैं। आमतौर पर संक्रमण तब फैलता है, जब संक्रमित व्यक्ति के नजदीकी उसके सम्पर्क में आते हैं। इसलिए ध्यान रखें कि संक्रमित व्यक्ति मास्क लगाकर रखें ताकि अन्य व्यक्ति इसकी चपेट में ना आए। संक्रमित व्यक्ति के पास जाने वाले व्यक्ति भी आवश्यक रूप से मास्क लगाएं। उपयोग किए गए मास्क को सही प्रकार से निस्तारित करें ताकि अन्य लोग किसी वायरल इंफेक्शन चपेट में ना आ सकें। उन्होंने कहा कि अच्छी स्वच्छता, जिसमें बार-बार हाथ धोना, दूरी बनाना एवं संक्रमित व्यक्ति को आइसोलेट किया जाए, संक्रमण को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है। उसे तरल एवं पौष्टिक आहार दिए जाए, ताकि उसकी इम्यूनिटी बनी रहे। संक्रमित व्यक्ति को पूरा आराम करने दें। कोई तकलीफ हो तो चिकित्सकीय परामर्श आवश्यक रूप से लें।